File No.DOTUP-TT0OTHE/561/2023-UPTTT

# पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश

सी–13, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक सं0–2145 / 15–2–1281 / 15 / सब्सिडी–17 / 2023 दिनांक 07 जुलाई, 2023

–:कार्यालय आदेशः–

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं बहुमुखी विकास हेतु उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति–2018 के अन्तर्गत प्रदेश में चिन्हित पर्यटन स्थलों की 20 कि.मी. की परिधि में पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों को वित्तीय प्रोत्साहन व अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गयी है।

तद्क्रम में मैसर्स नमस्ते एयरपोर्ट सर्विसेज प्रा0लि0 द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में निर्मित रिसॉर्ट "नमस्ते द्वार" हेतु पर्यटन नीति 2018 के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी की मांग की गई है। शासनादेश सं0–13 / 2020 / 4129 / 41–2019–01(नीति) / 17 दिनांक 09.01.2020 द्वारा अनुमोदित संचालन नियमावली के प्रस्तर 10.3.1 में पर्यटन नीति 2018 के अन्तर्गत सब्सिडी हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण / जाँच किए जाने हेतु संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। उक्त क्रम में **मेसर्स नमस्ते एयरपोर्ट सर्विसेज प्रा0लि0** द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में निर्मित रिसॉर्ट **"नमस्ते द्वार"** के कैपिटल सब्सिडी प्रस्ताव के परीक्षण हेतु निम्नवत जिलास्तरीय समिति का गठन किया जाता हैः–

1. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर — अध्यक्ष
2. मुख्यालय द्वारा नामित विभागीय अधिकारी–श्री राजेन्द्र कुमार रावत, उप निदेशक पर्यटन। — सदस्य
3. उप निदेशक पर्यटन, मेरठ — सदस्य
4. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउंटेट– एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, लखनऊ — सदस्य
5. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड इन्जीनियर / वैलूवर– मे0 आर0के0 एसोसिऐट्स, वैल्यूएर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग कन्सलटेंट प्रा0 लि0, नोएडा। — सदस्य

उक्त समिति प्रस्ताव का परीक्षण कर एक माह के अंदर अपनी संस्तुति विभाग को उपलब्ध करायेगी, ताकि इकाई को सब्सिडी दिये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

Signed by Mukesh Kumar Meshram
Date: 07-07-2023 12:00:05
Reason: Approved

( मुकेश कुमार मेश्राम )
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0

**पृ0प0सं व दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
2. श्री राजेन्द्र कुमार रावत, उप निदेशक पर्यटन, मु0।
3. उप निदेशक पर्यटन, मेरठ।
4. मे0 एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, 105 / 230 फूलबाग, हुसैनगंज लखनऊ–226001।
5. मे0 आर0के0 एसोसिऐट्स, वैल्यूएर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग कन्सलटेंट प्रा0 लि0, डी–39, द्वित्तीय तल, सेक्टर–2, नोएडा।
6. श्री अरविन्द राठी, निदेशक मैसर्स नमस्ते एयरपोर्ट सर्विसेज प्रा0लि0, निवासी– ग्राम–हुसैनपुर, बोपाडा रोड, तहसील–खतौली, पोस्ट–मंसूरपुर, जिला रोड, जनपद–मुजफ्फरनगर।

आज्ञा से,

**( मुकेश कुमार मेश्राम )**

महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0